एक नजर में

## गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान समापन, दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया



**सरदारपुर ।** नगर परिषद सरदारपुर द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगणों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा माल्यार्पण किया गया। उपस्थितजनों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात नगर परिषद कार्यालय में स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत सफाई मित्रो को सम्मान स्वरूप प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाकर स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमति मिनाक्षी अर्पित जी ग्रेवाल अध्यक्ष, श्री शैलेन्द्र जी चौहान उपध्यक्ष, श्री संजय जी जायसवाल पार्षद एवं विधायक प्रतिनिधि, श्रीमति रोमा जी मण्डलोई पार्षद, श्रीमति बबीता जी छोटु चौधरी पार्षद एवं नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। पश्चात रात्री 09 बजे खेल परिषर मैदान पर रावण पुतला दहन एवं रंगारंग आतीश बाजी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही आर्दश नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा श्रीराम जी, श्री लक्ष्मण जी एवं श्री हनुमान जी के स्वरूपों कि झाकी निकाली गई, साथ ही नगर के गणमान्य नगरीको का सम्मान किया गया, जिसमे अनुविभागीय अधिकारी महोदय(राजस्व), तहसीलदार महोदय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, श्रीमति मिनाक्षी अर्पित जी ग्रेवाल अध्यक्ष नगर परिषद सरदारपुर, श्री शैलेन्द्र जी चौहान उपाध्यक्ष, श्री संजय जी जायसवाल पार्षद एवं विधायक प्रतिनिधि, श्री दिनेश जी यादव पार्षद, श्री परवेज जी लोदी पार्षद प्रतिनिधी एंव नगर के गणमान्य नागरीक एवं नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी एवं शास्त्रीजी की जयंती पर माल्यार्पण किया



**सरदारपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दसई के कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्रीजी की जयंती पर यहां यात्री प्रतीक्षालय स्थित महात्मा गांधी स्टैचू पर माल्यार्पण किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए राष्ट्रहित में किए गए कार्य पर प्रकाश डाला उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधीजी एवं शास्त्रीजी अमर रहे के नारे लगाएं इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद पाटीदार उप सरपंच हितेश पाटीदार कानवन ब्लॉक कांग्रेस सहप्रभारी रामकरण पटेल किसान कांग्रेस के पवन भूत नगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज धन्नाजी रवि वालाशिवा भरत भूत डॉ अमृत पाटीदार पप्पू पाटीदार गोकुल परमार कैलाश वालाशिवा सहित नगर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाग थाने में विजयादशमी पर हुआ शस्त्र पूजन : थाना प्रभारी ने कहा- यह हमारी गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक



**बाग .** विजयादशमी पर पुलिस विभाग की परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरुवार को बाग पुलिस थाने में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। महंत भगवानपुरा गोस्वामी ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया, जिसमें थाने के अधिकांश पुलिसकर्मी शामिल हुए। शस्त्र पूजन के बाद थाना प्रभारी कैलाश चौहान ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र का पूजन करना हमारी गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक है। शस्त्रों से होती है राष्ट्र की रक्षा- थाना प्रभारी कैलाश चौहान ने शस्त्र पूजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 卐शस्त्र के माध्यम से ही हम राष्ट्र की रक्षा करते हैं। भगवान ने भी आसुरी शक्तियों का विनाश शस्त्रों के माध्यम से ही किया था। उन्होंने आगे कहा कि पर्याप्त शस्त्रों और आयुधों से रक्षित राष्ट्र और शास्त्रों का चिंतन (ज्ञान) समृद्ध राष्ट्र का परिचायक होता है। चौहान ने इस पावन पर्व पर सभी से एक बुराई छोड़ने का आह्वान भी किया।

## उत्साह के साथ हुआ रावण दहन

**बागली।** बागली नगर में सुबह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पथ संचालक को लेकर उत्साह था वही शाम होते ही रावण दहन को लेकर बड़ा उत्साह देखा गया शाम 6 बजे तक दशहरा मैदान पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे पहुंच गए नगर परिषद की ओर से यहां पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई कार्यक्रम में राम लक्ष्मण बने बालकों ने रावण दहन किया इस दौरान नगर परिषद के सभी पार्षद अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे साथ ही प्रशासन की व्यवस्था भी बेहतर रूप से रही। रावण दहन के बाद सब लोग एक दूसरे से गले मिलते नजर आए और दशहरे पर्व की शुभकामना देते नजर आए भारतीय सनातन धर्म के अनुसार उम्र में छोटो ने बड़ों के पैर छुए और बराबर के लोगोंसे गले मिले इस अवसर पर बागली विधायक मुरली भंवरा पुलिस अधिकारी सृष्टि भार्गव नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव नगर परिषद सीएमओ प्रमोद बरुवा थाना प्रभारी प्रदीप राय तहसीलदार पीहू कुरील एस डी एम यादव सहित बी एम ओ डॉक्टर हेमंत पटेल प्रशासन के अन्य व्यक्तियों ने दशहरा पर्व की बधाई प्रेषित की दशहरा पर्व पर छोटी-छोटी न कालो नियो में भी रावण दहन किया गया।





# गायत्री शक्तिपीठ पर पंचकुंडीय यज्ञ और कन्या भोज के साथ नवरात्रि उत्सव संपन्न

**संस्कार और संस्कृति की रक्षा ही समाज को श्रेष्ठ बनाती हैं - डॉ .अनिल पारे**



**धार .** श्रेष्ठ साहित्य का अध्ययन, चिंतन और मनन ही हमारे साथ-साथ आगामी पीढ़ी के भविष्य को सवार सकती है। संस्कार और संस्कृति सनातन धर्म का आधार है इसे बचाए रखने के लिए अनगिनत महापुरुषों ने अपना बलिदान दिया है ताकि आने वाली पीढ़ी अपने संस्कार संस्कृति और इतिहास पर गर्व कर सके। यह उदगार धार गायत्री शक्तिपीठ पर विजयादशमी पर आयोजित शारदीय नवरात्रि पर्व समापन समारोह में सेवानिवृत्त न्यायाधीश डॉ अनिल पारे ने व्यक्त किए। डॉ पारे ने कहा कि वेद, पुराण, रामायण, गीता आदि वो ग्रंथ है जो युगों से मानव जाति के कल्याण का आधार है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा ग्रंथों की साधना, आराधना और उपासना के माध्यम से समाज कल्याण और युग परिवर्तन साहित्य का सृजन सरल शब्दों में किया गया है । स्वाध्याय और सत्संग हमें आगे बढ़ाना सिखाता है चाहे सतयुग हो या कलयुग। हर युग में दो तरह के लोग होते आए हैं एक व्यवस्था बनाते हैं दूसरे व्यवस्था को बिगाड़ते हैं।


हमें समाज कल्याण के कार्यों के प्रति लगन अच्छे साहित्य से ही मिल सकती हैं। डॉक्टर पारे ने रामचरितमानस के रचयिता तुलसीदास, विवेकानंद , स्वामी राम कृष्ण परमहंस ,वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, शहीद भगत सिंह, वीर सावरकर, पंडित मदन मोहन मालवीय, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद सहित अनेक विद्वानों और क्रांतिकारियों के जीवन के अनेक उदाहरण देते हुए और संस्कार, संस्कृति के लिए दिए गए बलिदानों का उल्लेख करते हुए उपस्थित परिजनों को प्रेरित किया कि दरिद्र सेवा ही नारायण सेवा है हम प्रतिदिन ऐसा कार्य अवश्य करें जिससे किसी निर्धन या असहाय के चेहरे पर मुस्कान आ सके।

> समारोह के प्रारंभ में न्यायविद डॉ अनिल पारे का स्वागत धार शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी रमेश चंद द्वारा तिलक लगा करके किया गया। उल्लेखनीय हैं कि धार गायत्री शक्तिपीठ पर शारदीय नवरात्रि पर्व साधना, अराधना , उपासना जप , तप , के साथ श्रृद्धा, भक्ति और हर्ष उल्लास से मनाया गया। अनुष्ठान का समापन विजयादशमी को पंच कुण्डी यज्ञ के द्वारा किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिजनों ने गायत्री महामंत्र और अन्य मंत्रों के साथ आहुतियां दीं। आचार्य प्रज्ञा बैरागी द्वारा यज्ञ सम्पन्न करवाया गया। पूर्णाहुति, कन्या पूजन और कन्या भोज के साथ नवरात्रि उत्सव समारोह का समापन हुआ।

## विजयदशमी पर पुलिस चौकी पर किया शस्त्र पूजन



**बाकानेर**-विजयदशमी पर्व पर बाकानेर पुलिस चौकी परिसर में शस्त्र पूजन किया गया चौकी प्रभारी प्रशांत पाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शस्त्रों का और पुलिस वाहनों की विधि विधान से पूजा अर्चना की इस अवसर पर थाने का पूरा स्टाफ मौजूद रहा पुलिस कर्मियों ने शस्त्रों की पूजा कर समाज की सुरक्षा और आमजन की सेवा का संकल्प लिया चोकी प्रभारी प्रशांत पाल ने कहा कि विजयदशमी धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है उन्होंने प्रण लिया कि पुलिस के शस्त्र कभी निर्दोषों पर नहीं चलेंगे बल्कि हमेशा समाज की रक्षा और न्याय की स्थापना के लिए प्रयुक्त होंगे





## आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन

**बाकानेर** -गुरुवार को विजयदशमी का पर्व हर्ष ओर उल्लास के साथ मनाया गया ग्राम पंचायत द्वारा 41 फ़ीट रावण का दहन भव्य आतिशबाजी के साथ किया गया आतिशबाजी देखने हजारों की संख्या में ग्रामवासी दशहरा मैदान पर एकत्रित हुए आतिशबाजी से पूरा आसमान और रोशनी से जगमगा गया ।श्री गणेश मंदिर से श्री राम लक्ष्मण रथ पर सवार होकर शोभायात्रा के साथ रावण दहन को निकले श्री राम की सेना साथ चल रही थी रथ पर राम लक्ष्मण और हनुमान जी विराजमान थे जैसे ही श्री राम दशहरा मैदान पहुंचे जय श्री राम की जयघोंस से वातावरण गूंज उठा ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती अनीता दादू सिंह चौहान ने शोभायात्रा की अगवानी की चौकी प्रभारी प्रशांत पाल दलबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे थे रावण दहन के पश्चात लोगों ने एक दूसरों को गले मिलकर शुभकामनाएं दी



## विजयादशमी पर थाना कुक्षी में किया शस्त्र पूजन



**कुक्षी** - पुलिस थाना कुक्षी के प्रांगण में विजयादशमी (दशहरा) के अवसर पर शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। शस्त्र पूजन में एसडीएम विशाल धाकड़ एसडीओपी सुनील गुप्ता तहसीलदार पाटीदार थाना प्रभारी राजेश यादव नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेलम चौहान भाजपा नेता रमेश धाडीवाल विरेन्द्र सिंह बघेल डा निर्मल कुमार पाटीदार जयस प्रदेशध्यक्ष अंतिम मुजाल्दा भाजपा मंडलाध्यक्ष युवराज सेप्टा संजय पाण्डे महीमाराम पाटीदार द्वारा माता दुर्गा जी की पूजा एवं शस्त्रों की पूजा मंत्र उच्चारण के साथ की गई। जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व पुलिस के आला अफसरों से लेकर सिपाहियों तक शस्त्र पूजा में हिस्सा लेकर शस्त्रों की पूजा कर माता से आशीर्वाद लिया। दशहरा के दिन पुलिस थाना में शस्त्र पूजा के लिए विशेष इंतजाम किया गया था। शस्त्र पूजा में मॉ भवानी का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है ताकि बुराई का अंत कर अच्छाई पर जीत प्राप्त की जा सके। पुजारी द्वारा मां दुर्गा एंव शस्त्र पूजन मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान के साथ आरती कर संपन्न किया गया वही एक दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाए दी गई इस अवसर पर पूनम कसेरा लोकेश चौहान बंशीलाल बाडमेरा मनीष भावसार रवि ब्रजवासी एसआई चंचल चौहान इंस्पेक्टर लोधी गुल सिंह विपिन जाधव पुलिस स्टाफ सहित आदि मौजूद थे

### श्रीराम भक्तों ने ध्वजारोहण करके शस्त्र पूजन किया

**सरदारपुर।** नगर के श्रीदादा दयालु खेड़ापति हनुमानजी मन्दिर पर विजयादशमी पर्व के तहत शुक्रवार सुबह 10, 30 बजे श्रीराम भक्तो द्वारा गुम्मज पर ध्वजारोहण करके शस्त्र पूजन किया। बाद में मंदिर पूजारी गोविंद जोशी ने हनुमानजी की आरती उतारकर भक्तो को प्रसादी बाटी गई। मंदिर संचालक द्वारकाप्रसाद गोराणा ने भक्तो का आभार माना।



एक नजर | पूर्व केंद्रीय विक्रम व धार विधायक नीना वर्मा ने आरती की

# मायापुरी कॉलोनी से मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा, देश-विदेश के कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियां

**धार। सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति मायापुरी कॉलोनी द्वारा मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा दोपहर में मायापुरी चौक से मां दुर्गा की आरती के साथ प्रारंभ हुई जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा एवं धार विधायक नीना वर्मा ने आरती की।**

आयोजक अनिल जैन बाबा के नेतृत्व में निकली शोभा यात्रा हटवाड़ा, पिपली बाजार,आनंद चौपाटी, जवाहर मार्ग धानमंडी चौराहा, मोहन टाकीज चौराहे होते हुए मायापुरी कॉलोनी में संपन्न हुई। शोभा यात्रा में देश-विदेश के कलाकारों की विशेष प्रस्तुति दी। इस दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही। वही मातृशक्ति हाथों में भगवा ध्वज लेकर भी चल रही थी।





शहर में पूरा वातावरण धर्म में हो गया। शोभायात्रा के दौरान धार शहर के कलाकारों की गरबा नृत्य की प्रस्तुति के साथ ही अफ्रीका के कलाकारों द्वारा अद्भुत प्रदर्शन,केरल के कलाकारों द्वारा स्थायिकली नृत्य, मणिपुर के कलाकारों द्वारा मार्शल आर्ट कला का प्रदर्शन, गुजरात के कलाकारों द्वारा गरबा एवं डांडिया रास,रामलीला थिएटर कलाकारों द्वारा वाणी वेल्ली कॉमेडी, धार नगर की मातृशक्ति की झाँकी की प्रस्तुति की गई। वही जॉनी लीवर एवं जादूगर का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभा यात्रा में समिति के वरिष्ठ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, अध्यक्ष सोनिया राठौर, उपाध्यक्ष बादल मालवी,सचिव अर्जुन कुल्हारा, समाज सेवी योगेश अग्रवाल, चयन राठौर, भोज उत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेश जलोदिया, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर, दीपक बिडकर, शिव पटेल,देवेंद्र रावल, गोल्डी चौहान, दिनेश नायक, मातृशक्ति से पप्पी मकवाना मंजुला बघेल, लक्ष्मी बाई नरोले, सहित बड़ी संख्या नागरिक मौजूद रहे। शोभा यात्रा का मंचों से जगह-जगह भव्य स्वागत अनेक संस्थाओं द्वारा किया गया।